झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शिकायत) 10/2022– 420

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 28.04.2022

विषयः– **सभी सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल दिये जाने संबंधी प्रकाशित समाचार पर कार्रवाई के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक–08.04.2022 को सभी सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल वितरित किये जाने का निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा लिये जाने से संबंधित समाचार प्रकाशित हुई है। उक्त चावल में अन्य पोषक तत्वों के साथ–साथ आयरन का भी मिश्रण किये जाने का उल्लेख किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में विभाग द्वारा PDS के माध्यम से फोर्टिफाइड नमक का वितरण किया जा रहा था। परन्तु स्वास्थ्य संबंधी कारणों से इसे बन्द कर दिया गया।

अतः उक्त प्रकाशित समाचार के कतरन की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए करते हुए निदेशानुसार अनुरोध है कि इस मामले पर विचार करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

28/4/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

अनु0–यथोक्त।

हिन्दुस्तान Date-08-04-2022

सभी सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल देगा केंद्र

- योजना पर सालाना 2700 करोड़ खर्च होंगे
- कुपोषण हटाने के लिए सरकार की बड़ी पहल

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने बड़ी पहल की है। सरकार ने मिड-डे मील और सरकारी राशन की दुकानों सहित सभी सरकारी योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल वितरित करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में गुरुवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सूत्रों के मुताबिक, इस योजना पर सालाना करीब 2700 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रधानमंत्री ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से देश को संबोधित करते हुए सभी गरीबों को 2024 तक सरकारी योजनाओं के जरिये फोर्टिफाइड चावल देने का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि सरकार अलग-अलग योजनाओं के तहत गरीबों को जो चावल देती है, उसे फोर्टिफाइड करेगी और उन्हें पोषणयुक्त चावल देगी। इसके अलावा, कैबिनेट ने अटल इनोवेशन मिशन को एक और साल के लिए बढ़ाने का फैसला किया।

पोषणयुक्त चावल

फोर्टिफाइड चावल आयरन, विटामिन से युक्त होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन बी1, विटामिन बी12, फोलिक एसिड, आयरन और जिंक सभी पोषक तत्व का मिश्रण होता है। यह लोगों की खुराक में जरूरी तत्वों की पूर्ति के साथ ही कुपोषण के नियंत्रण में मददगार होता है।

299
12.04.22